हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)

रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.).491001

ई मेल : registrar@durguniversity.ac.in वेब साइट : www.durguniversity.ac.in दूरभाष : 0788-2359100

क्रमांक 1822 / पी.एचडी. / कोर्सवर्क / परीक्षा / 2020 दुर्ग, दिनांक 24/11/2020

// अधिसूचना //

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग से सत्र 2019–20 में विभिन्न विषयों में पी.एचडी. करने वाले छात्र / छात्राओं हेतु कोर्सवर्क की परीक्षा आयोजित की जा रही है। कोर्सवर्क की परीक्षा में वे छात्र / छात्राएं भी सम्मिलित होंगे जो पिछली कोर्सवर्क की परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो गये थे। कोर्सवर्क की परीक्षा के आयोजन हेतु विषयवार तिथि एवं आवश्यक निर्देश जारी की जा रही है जो निम्नानुसार है :–

कोर्सवर्क की परीक्षा **ऑनलाईन माध्यम** से आयोजित होगी। जो निम्नानुसार है:–

प्रथम प्रश्नपत्र (कुल अंक 100)

क्र.	विषय	तिथि एवं समय	प्रश्नपत्र का नाम	विवरण	
01	1. हिन्दी 2. अंग्रेजी 3. अर्थशास्त्र 4. समाजशास्त्र 5. इतिहास 6. राजनीतिशास्त्र 7. वाणिज्य 8. गृहविज्ञान 9. शिक्षा (एजुकेशन) 10. भौतिकशास्त्र 11. रसायनशास्त्र 12. गणित 13. वनस्पतिशास्त्र 14. प्राणीशास्त्र 15. माइक्रोबॉयोलॉजी 16. बायोटेक्नालॉजी	07.12.2020 समय :– दोपहर 12:00 से 02:00 बजे तक	प्रथम प्रश्नपत्र में दो खंड होंगे– खंड 'अ' – **Research Methdology Quantitaive Methods & Computer Application**	उक्त प्रश्नपत्र वस्तुनिष्ठ प्रकार (Objective Types) के होंगे। प्रश्नपत्र में 35 प्रश्न होंगे। अधिकतम अंक 70 होगा।	कुल अंक 100
			खंड 'ब' – **Research and Publication Ethics (RPE)**	उक्त प्रश्नपत्र वस्तुनिष्ठ प्रकार (Objective Types) के होंगे। प्रश्नपत्र में 15 प्रश्न होंगे। अधिकतम अंक 30	

द्वितीय प्रश्नपत्र (कुल अंक 100)

- द्वितीय प्रश्नपत्र Review in Literature in Concerned Subject/Synopsis/Project Report की परीक्षा विश्वविद्यालय में आयोजित होगी। विद्यार्थियों को Review/Synopsis/ Project Report तीन प्रतियों में प्रस्तुतीकरण केन्द्र में निर्धारित तिथि में मूल्यांकन समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। उक्त रिपोर्ट टंकित एवं 25 पेज में (संदर्भ सूची सहित) 1.5 Line Space पर होना चाहिए। इस पर 50 अंक होंगे।

क्रमशः 02...

- द्वितीय में प्रश्नपत्र जमा की गई प्रोजेक्ट रिपोर्ट पर Power Point प्रस्तुतिकरण प्रस्तुत करना होगा जिसकी अवधि प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा सहित 15 मिनट होगी। इस पर भी 50 अंक होंगे। पावर प्वाईंट प्रेजेन्टेशन आयोजन की तिथि 09.12.2020 से 12.12.2020 के मध्य होगी। विश्वविद्यालय द्वारा नियत परीक्षा प्रभारी प्राप्तांकों को एकजाई कर प्रस्तुत करेंगे। विषयवार Power Point Presentation की विस्तृत समय–सारणी एवं स्थान पृथक से घोषित किए जायेंगे।

- परीक्षार्थियों को कोर्सवर्क परीक्षा के प्रथम एवं द्वितीय प्रश्नपत्र के दोनों भागों में अलग–अलग उत्तीर्ण होना होगा। जिसमें न्यूनतम अंक 55 प्रतिशत होगा। कोर्सवर्क के पिछली परीक्षा में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थियों को दोनों प्रश्नपत्रों में सम्मिलित होना अनिवार्य है।
- कोर्सवर्क की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.durguniversity.ac.in से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।
- कोर्सवर्क की परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा जारी पाठ्यक्रम के अनुसार आयोजित की जावेगी। जो विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.durguniversity.ac.in पर उपलब्ध है।
- परीक्षा प्रभारियों को निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित दिशा–निर्देशों के अनुसार परीक्षा का निष्पादन करेंगे एवं उपरोक्त अधिसूचना को शोध निर्देशकों एवं उनके माध्यम से शोधार्थियों को अवगत करावें एवं शोधकेन्द्रों के सूचना पटल पर अनिवार्य रूप से चस्पा करावें ताकि कोई भी परीक्षार्थी कोर्सवर्क की परीक्षा से वंचित न हो।

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

पृ. क्र. 1823/पी.एचडी./कोर्सवर्क/परीक्षा/2020
दुर्ग, दिनांक 24/11/2020

प्रतिलिपिः–

1. समन्वयक, समस्त शोध केन्द्र, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
2. सहायक कुलसचिव, अकादमिक विभाग, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
3. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजसहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग ।

उपकुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)